हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

12 गौ माता की रक्षा और सम्मान के लिए निकाली भव्य बाइक ...



11 मालवाहकों पर सवारी ढोने का खतरनाक खेल जारी...





## औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.

## खबर संक्षेप

### महिला सरपंच पर अभद्र टिप्पणी, आरोपी गिरफ्तार



**बालोद।** महिला सरपंच पर अभद्र टिप्पणी और पंच पर हमले की कोशिश करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मामला ग्राम पंचायत ओरमा का है। ग्राम पंचायत ओरमा में महिला सरपंच मंजूलता साहू ने शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव के ही पूनारद साहू द्वारा लगातार उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की जा रही थी। आरोप है कि आरोपी न केवल महिला सरपंच की गरिमा को ठेस पहुंचा रहा था, बल्कि पंचायत के कार्यों में भी बाधा उत्पन्न कर रहा था। मामला तब और गंभीर हो गया जब आरोपी ने एक पंच के साथ मारपीट करने की कोशिश करते हुए उसका गला दबाने का प्रयास किया। इस घटना के बाद पंचायत प्रतिनिधियों में भय और आक्रोश का माहौल बन गया, जिसके चलते मामला थाने पहुंचा। पुलिस ने शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की और आरोपी पूनारद साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सरपंच मंजूलता साहू ने कहा महिला जनप्रतिनिधियों का सम्मान हर हाल में सुनिश्चित होना चाहिए। पंचायत में किसी भी तरह की गुंडागर्दी या दबाव की राजनीति स्वीकार नहीं की जाएगी। कानून पर हमें पूरा भरोसा है, दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### जनदर्शन में सुनी गई आमजन की समस्याएं



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर मधुहर्श ने आज जनदर्शन कक्ष में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में मरकाटोला की शाम बाई ने नया राशन कार्ड बनाने, ग्राम भेंगारी की यमुना बाई ने ऋण पुस्तिका प्रदान करने, ग्राम पेंड्री के अंजली ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन सौंपे। इसी तरह ग्राम सलोनी के रितु ने आबादी भूमि का पऐ दिलाने, सिर्राभाठा की सुनीता ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृशि मजदूर कल्याण योजना का लाभ दिलाने एवं खेरतराई के पुरूशोत्तम ने पशु शेड निर्माण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।

### चाकू से हमला करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** चाकूबाजी के मामले में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायकत के बाद पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कुम्हारी थाना प्रभारी पुरूषोत्तम कुर्रे ने बताया कि कंडरका वार्ड 2 निवासी चन्द्रप्रकाश तिवारी उर्फ मोना को गांव के फरीद अली (बाबे), डिगेश्वर साहू (बंठ) के द्वारा प्राण घातक हमला किया। चंद्रप्रकाश को गंभीर अवस्था में रायपुर एम्स अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया है। घटना 24 अप्रैल की रात का है। ग्राम कंडरका पेट्रोल पंप चक्रधारी ट्रेडर्स के पास मेन रोड पर पीड़ित था।

### बैठक : जवाबदेही तय करने के सख्त निर्देश

# बालोद पुलिस की समीक्षा बैठक में बीट प्रणाली मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल द्वारा राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की ली गई बैठक। प्रणाली को मजबूत कर ग्रामीण क्षेत्रें में सतत निगरानी एवं त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। रिकॉर्ड संधारण, बीट पुस्तिका एवं रोजनामचा की नियमित जांच के माध्यम से जवाबदेही तय करने के सख्त निर्देश दिए गए।

- ग्रामीण क्षेत्रों में सतत निगरानी और त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया पर फोकस

आज पुलिस कार्यालय बालोद में पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य थाना, चौकी स्तर पर बीट प्रणाली को सुदृढ़ बनाना, पुलिसिंग को अधिक प्रभावी एवं जवाबदेह बनाना तथा ग्रामीण क्षेत्रें में कानून व्यवस्था की सतत निगरानी सुनिश्चित करना रहा। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा बीट व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर विशेष रूप से निर्देशित किया गया। बीट पुस्तिका के अवलोकन के पश्चात थाना, चौकी प्रभारी द्वारा आवश्यक टीप अंकित की जाए, जिससे कार्य की निगरानी प्रभावी हो सके। बीट प्रभारी एवं सह–बीट प्रभारी द्वारा ग्राम भ्रमण हेतु रवाना होने से पूर्व रोजनामचा (सान्हा) में दिनांक, समय एवं ग्राम का नाम अंकित करते हुए विधिवत रवानगी दर्ज करना अनिवार्य किया गया। बीट क्षेत्र में घटित होने वाले अपराध, दुर्घटना एवं मर्ग से संबंधित सूचनाओं का त्वरित संकलन कर समय पर थाना स्तर पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, साथ ही इसकी विस्तृत जानकारी संधारित की जाए। बीट भ्रमण के उपरांत थाना के सूचना तख्ती (डिस्प्ले बोर्ड) में आवश्यक प्रविष्टि करना अनिवार्य किया जाए तथा इसकी छायाप्रति संधारित रखने के निर्देश दिए गए। जिन बीट कर्मचारियों द्वारा बीट पुस्तिका का संधारण नहीं किया जा रहा है, उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीट प्रणाली को सुदृढ़ बनाकर आम जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित किया जाए तथा ग्रामीण क्षेत्रें में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतत निगरानी रखी जाए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, डीएसपी बोनिफास एक्का, डीएसपी राजेश बागड़े, सीएसपी राजहरा विकास पाटले सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।





**थाना चौकी के गांवों का बीट विभाजन**

जिसमे कहा गया प्रत्येक थाना, चौकी क्षेत्र में ग्रामों के अनुसार बीट विभाजन की अद्यतन सूची तैयार कर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक आरक्षक को आबंटित ग्रामों की संख्या एवं जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से निर्धारित कर उसकी जानकारी संधारित की जाए। बीट प्रभारी द्वारा ग्रामों में किए गए भ्रमण की नियमित जानकारी, भ्रमण की तिथि, ग्राम का नाम एवं भ्रमण की संख्या का विधिवत रिकॉर्ड रखा जाए। बीट भ्रमण के उपरांत बीट पुस्तिका में दर्ज जानकारी को थाना प्रभारी के समक्ष अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाए एवं उसका नियमित अवलोकन सुनिश्चित किया जाए।

# सड़क किनारे डंप मलबे से बढ़ा खतरा, हादसे की आशंका बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर से लगभग एक किलोमीटर दूरी पर रेंगाडबरी मार्ग में पीपल नाला के पहले सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से मलबा डाले जाने का मामला सामने आया है। यह मलबा लंबे समय से वहीं पड़ा हुआ है, उसके बाद भी और डाला जा रहा है जो कि मार्ग तक पहुंच गया है, मलबा डालने वालों के लिए कोई रोक नहीं है। लेकिन इसे हटाने की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस ओर जिम्मेदार विभाग का ध्यान ही नहीं जा रहा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

- पीपल नाला के पास बेतरतीब तरीके से डाला जा रहा मलबा

सड़क किनारे पड़े इस मलबे में ईंटों के बड़े-बड़े टुकड़े और निर्माण सामग्री शामिल हैं, जो सीधे तौर पर राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बन गए हैं। दिन के समय तो किसी तरह लोग सावधानी से निकल जाते हैं, लेकिन रात के समय यहां पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। अंधेरे में वाहन चालकों को मलबा दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि इस मार्ग पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं, जिसमें स्कूल के बच्चे, ग्रामीण और दुपहिया वाहन चालक शामिल हैं। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मलबा नहीं हटाया गया, तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल होगा।

ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से सड़क किनारे पड़े मलबे को हटाया जाए और भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर सख्ती बरती जाए, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# इसरो के यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम में चयनित हिमांशी साहू का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा आयोजित यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम में चयनित होने वाली स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की होनहार विद्यार्थी हिमांशी साहू को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया है।

कलेक्टर मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कुमारी हिमांशी साहू की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की सराहना करते हुए उनके इस उपलब्धि को संपूर्ण बालोद जिले के लिए गौरव बताया। इस अवसर पर कलेक्टर ने हिमांशी साहू को प्रशस्ति पत्र के अलावा शॉल, श्रीफल भेंटकर तथा उनका मुँह मीठा कराकर उनका आत्मीय सम्मान किया। कलेक्टर मिश्रा ने हिमांशी साहू को कड़ी मेहनत कर जीवन में उपलब्धि हासिल करने की सीख भी दी। उल्लेखनीय है कि हिमांशी साहू स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत है। कुमारी हिमांशी ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा 8वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। छात्र हिमांशी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान ▶▶| शेष पेज 11 पर



### गुरु 777 एप का संचालन करने वाला सटोरिया पाशा गिरफ्तार

**भिलाई।** लंबे समय से ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक गुरु 777 एप का संचालन कर ऑनलाइन सट्टा चलाया करता था। छावनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खुर्सीपार निवासी इरफान पाशा को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम द्वारा बैकुंठ धाम वाटिका गेट के सामने, कैम्प-2 भिलाई में घेराबंदी इरफान को पकड़ा गया।

संदिग्ध वाहन सीजी 04 एमए 1235 की तलाशी ली गई। जिसमें आरोपी को रंगे हाथ ऑनलाइन सट्टा संचालित करते पकड़ा गया। पुलिस कार,लैपटाप, दो मोबाइल फोन जब्त किया गया है। पुलिस को इरपान पाशा की तलाश लंबे समय से कर रही थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे पकड़ लिया है।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर वृहद कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रेडक्रॉस के मानव सेवा कार्यो का प्रचार–प्रसार जन–जन तक पहुंचाने के लिए सदस्यता अभियान को गति देना आवश्यक है।

इसके लिए जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों एवं विभिन्न वर्गों के नागरिकों को अभियान से जोड़ा जाए। श्री डेका ने 8 मई विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर राज्य एवं जिला शाखाओं में वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उक्त बातें राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज लोकभवन में छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष तोमन साहू ने मुलाकात के दौरान राज्यपाल श्री रमेन ने कही।



इस मुलाकात के उन्हे दौरान रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियों, सदस्यता अभियान तथा आगामी विश्व रेडक्रॉस दिवस के आयोजन के संबंध में राज्यपाल ने मार्गदर्शन दिया गया। श्री डेका ने 8 मई विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को रेडक्रॉस स्टीकर लगाकर दान संग्रहण कार्यक्रम चलाएं। उन्होंने प्रदेश के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र–छात्रओं को जूनियर रेडक्रॉस और यूथ रेडक्रॉस से जोड़ने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से सेवा, अनुशासन ▶▶| शेष पेज 11 पर

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# गाय को राष्ट्रमाता दर्जा देने की मांग पर निकाली भव्य रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर

गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत नगर मे गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने एवं सुरक्षा प्रदान करने कठोर कानून बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। गौ भक्तों ने तहसीलदार को सौंपा प्रार्थना पत्र सौंपते समय तहसील कार्यालय में गौ भक्तों का हुजूम उमड़ा, महिलाएं भी बड़ी संख्या मे सम्मिलित हुई। ज्ञापन सौंपने के पुर्व गौ भक्तों ने भजन कीर्तन कर रैली निकाली, गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौ सम्मान दिवस मनाने गौ भक्त पहुंचे।

- गौहत्या पर प्रतिबंध और कठोर कानून बनाने की मांग

सभी सनातनी समाज के प्रमुखों, स्वयं सेवी संगठनों, व्यावसायी, गौ भक्तों युवाओं, मातृ शक्ति संगठन, बच्चे, बूढ़े ,बुद्धिजीवियों सहित कथावाचकों, संत जनों वक्ताओं ने उपस्थिति प्रदान कर गौ माता के सेवा सम्मान सुरक्षा के लिए आवाज उठाई। अभियान का नेतृत्व स्वयं सुरभि माता संरक्षिका के रुप मे और नंदी महराज की अध्यक्षता में ज्ञापन सौंपा गया। सभा स्थल पर मे गौ माता की वैदिक रीति से पूजन कर चुनरी ओढ़कर, पुष्पमाला पहनाकर, गौ माता को आगे करके उसके पीछे पीछे गौ भक्तों, गौ सेवकों, गौ प्रेमियों, समाजसेवी सर्व समाज के संगठनों, सनातन धर्मावलंबियों राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम का प्रार्थनापत्र सौपा। जिसमें गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने, गौ हत्या बंद करने आवश्यक कानून बनाने सहित गौ माता को सेवा, सम्मान और संरक्षण संवर्धन हेतु सुरक्षा प्रदान करने का उल्लेख है।

तहसीलदार ने भी अपने कार्यालय से बाहर आकर जनभावना का सम्मान करते हुए सौहाद्रपूर्ण वातावरण में ज्ञापन स्वीकार किया। साथ मे गौ भक्तों द्वारा चलाए गए प्रार्थी हस्ताक्षर अभियान में 5000 प्रार्थीयों का हस्ताक्षर की मूल प्रति भी संलग्न की गई।



#### ये रहे उपस्थित

इस दौरान श्री शंकर गौरी गोपाल असहाय दिव्यांग गौ सेवा आश्रम अध्यक्ष दास बंटी गोपाल कुंभज, उपाध्यक्ष कमल नारायण साहू (लक्ष्मी कैटरर्स गुरुर), संरक्षक डॉक्टर लिखेश्वर साहू, गुरुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, पूर्व नगर अध्यक्ष गुरूर नंदकिशोर शर्मा, जिला पंचायत सदस्य बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष गुरुर ईशा प्रकाश साहू अधिवक्ता रामसहाय साहू, कौशल साहू, मनमोहन टुवानी, एका राम साहू, गोविंद राम साहू, यज्ञाचार्य पं. मृत्युंजय शर्मा, कथावाचक आचार्य पं. अनिल तिवारी एवं पं. सौरभ शर्मा, सरपंच ग्राम कन्हारपुरी तेजराम साहू, गौ सेवक ओम प्रकाश टुवानी एवं अन्य गौ सेवक अमृत कुमार सोनी, निखिल कलिहारी, तुषार शर्मा, नागेंद्र देवांगन, एकनाथ साहू, लिकेश्वर साहू, सूपेश साहू, निर्मल साहू, उपेंद्र वर्मा, चौलेस देशमुख, देवव्रत यादव, जिधन साहू, सुरेश साहू, गितेश दास, ग्रामीण अध्यक्ष कन्हारपुरी मदन साहू, रेखराम साहू, छोटू यादव, इन्द्रा साहू, किशन लाल सिन्हा, टामा, दिनेश्वरी देवनारायण साहू, दीपा साहू महिला समूह अरमरीकला, मोहित साहू, हितेश साहू एवं गौ भक्त तहसील गुरुर उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार 2026

# बिना अनुमति अवकाश पर सख्ती कलेक्टर ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सुशासन तिहार 2026 के सुचारू संचालन हेतु अधिकारी–कर्मचारियों के बिना पूर्व स्वीकृति के अवकाश पर प्रस्थान करने पर रोक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही के संबंध में आदेश जारी किया है।

जारी आदेश में बताया गया है कि राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत आम जन को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु 01 मई 2026 से 10 जून 2026 के मध्य जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही आगामी समय में जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य नियोजित किए गए है। उक्त कायोंर् को सुचारू रूप से संपादित किए जाने हेतु कोई भी शासकीय सेवा सक्षम प्राधिकारी द्वारा अवकाश स्वीकृत किए जाने से पूर्व अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेगा। बिना पूर्व स्वीकृति के अनुपस्थित रहना स्वैच्छिक अनुपस्थिति मानी जाएगी और इसे सेवा नियमों के तहत ब्रेक इन सर्विस (सेवा में व्यवधान) के रूप में देखा जा सकता है। आकस्मिक अवकाश की स्थिति में भी यथासंभव दूरभाष या डिजिटल माध्यम से पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा, जिसकी लिखित पुष्टि कार्यालय आगमन के तत्काल बाद करनी होगी। आवश्यक परिस्थिति में लंबे अवकाश (अर्जित अवकाश आदि) पर जाने से पूर्व संबंधित कर्मचारी को अपने कार्यों का प्रभार अन्य अधिकारी–कर्मचारी को विधिवत सौंपना अनिवार्य होगा।

## खबर संक्षेप

### 48 घंटे में 5 हत्याओं पर आप ने उठाए सवाल

**भिलाई।** दुर्ग जिले में बीते 48 घंटों के भीतर हुई 5 हत्याओं ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र के करहीडीह में एक युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या और बापूनगर में टंगिया से वार कर की गई। इन घटनाओं से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पुलिस प्रशासन ने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो पार्टी जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी। जसप्रीत सिंह ने कहा कि खुर्सीपार में हुई हत्या को समय रहते रोका जा सकता था। आम आदमी पार्टी ने पुलिस प्रशासन पर कई आरोप लगाए हैं।

### अनिल कांग्रेस व्यापार विभाग के बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**दुर्ग।** कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने अनिल ताम्रकार को व्यापार विभाग का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त है। यह नियुक्ति उनके संगठन के प्रति समर्पण, सक्रियता एवं निरंतर कार्यों को देखते हुए की गई है। इस अवसर पर दुर्ग शहर के पूर्व वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरन वर्मा, राजकुमार पाली, रमेश श्रीवास्तव, इन्द्रपाल भीटिया, राहुल अग्रवाल, अजय गुप्ता, राजकुमार साहू, गिरधर शर्मा, पृथ्वी चंद्राकर, श्रीशरण डोंगरे, विक्की यादव, सुधीर चंदेल, पिंकी झा, विकास सापेकर, दिलेंद्र सारथी, नंदू मोहबिया एवं समस्त कांग्रेसजनों ने उन्हें बधाई दी है।

### भाजपा अध्यक्ष मिले कैट चेयरमेन से, जाना हालचाल



**दुर्ग।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स दुर्ग जिला इकाई के चेयरमैन और सदर बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष पवन बड़जात्या पिछले दिनों धमधानाका ओव्हरब्रिज में सड़क हादसे में घायल हो गए थे। बड़जात्या से मिलने रविवार को भाजपा के अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक उनके निवास पहुंचे। घटना के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर भाजपा नेता तेखन सिन्हा, संदीप जैन सहित अन्य मौजूद थे।

# दुर्ग सहित संभाग के 7 जिलों में बढ़ेगी दलहन, तिलहन और मक्का की खेती

## कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

क्षेत्रीय कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण संस्थान रुआबांधा के प्रशिक्षण हॉल में कृषि उत्पादन आयुक्त एवं प्रमुख सचिव कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग शहला निगार की अध्यक्षता में दुर्ग संभाग की रबी 2025-26 की प्रगति एवं खरीफ 2026 के कार्यक्रम निर्धारण संबंधी संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभाग आयुक्त एसएन राठौर, संचालक कृषि राहुल देव, एमडी मार्कफेड जितेन्द्र शुक्ला, प्रबंध संचालक बीज निगम अजय अग्रवाल, संचालक उद्यानिकी लोकेश चन्द्राकर, प्रबंध संचालक मण्डी बोर्ड महेन्द्र सवन्नी, अश्वनी बंजारा, सीबी लोण्डेकर, विकास मिश्रा, अभिजीत सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती निगार ने रबी 2025-26 में दुर्ग संभाग के दलहन, तिलहन क्षेत्र विस्तार में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए सराहना किया। उन्होंने आने वाले वर्षों में ग्रीष्मकालीन धान को हतोत्साहित कर दलहन, तिलहन, मक्का एवं अन्य फसलों के रकबा को बढ़ाने के निर्देश दिये। आगामी खरीफ 2026 में धान के स्थान पर अन्य उपयुक्त वैकल्पिक फसल जैसे सुगंधित धान, अरहर, मक्का, सोयाबीन, कपास, साग-सब्जी इत्यादि फसलों को प्रोत्साहित करते हुए सभी जिले में न्यूनतम धान की एक निर्यात योग्य विशिष्ट गुण/सुगंधित किस्म का क्लस्टर में अधिक से अधिक क्षेत्र विस्तार करने के निर्देश दिये।

### इस साल 60 हजार क्विंटल से ज्यादा का उत्पादन

समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि पीएम आशा योजनांतर्गत दलहन, तिलहन खरीदी में राज्य के अन्य संभाग की तुलना में दुर्ग संभाग में सर्वाधिक लगभग 60,000 क्विंटल उपार्जन किया गया है। कृषि उत्पादन आयुक्त ने किसानों के मांग के आधार पर पी.एम. आशा योजना के पंजीयन तिथि में वृद्धि की जानकारी देते हुए किसानों के अधिक से अधिक उपार्जन करने तथा समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में उर्वरकों के समान एवं संतुलित वितरण सुनिश्चित करने के लिए आगामी खरीफ 2026 हेतु लागू की जाने वाली नवीन ई-उर्वरक वितरण प्रणाली के संबंध में व्यापक चर्चा किया गया।



### डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों को दिया जाएगा बढ़ावा

बैठक में जानकारी दी गई कि डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों नैनो डीएपी, एनपीके, एसएसपी, टीएसपी इत्यादि वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग बढ़ावा दिया जा रहा है। नील हरित काई धान फसल में नाइट्रोजन का बहुत अच्छा वैकल्पिक स्त्रोत है। बीज निगम के प्रक्षेत्र रूआबांधा, दुर्ग में उपलब्ध 40 पक्के टांके में से प्रथम चरण में 5 पक्के टांके में नील हरित काई का उत्पादन किया जा रहा है। इस संबंध में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की गयी। कृषि उत्पादन आयुक्त एवं राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा इसका अवलोकन किया गया एवं नील हरित काई उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए नये टांके में उत्पादन हेतु कल्चर डाला गया। उत्पादित नील हरित काई का उपयोग चयनित किसानों के खेतों में प्रगुणन पश्चात धान के खेतों में किया जाएगा।

## भस्मासुर, मोहिनी अवतार और हनुमान जन्म प्रसंगों से मिला जीवन का संदेश

# दल्लीराजहरा में संगीतमय श्रीराम कथा भक्ति और ज्ञान से सराबोर हुए श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा



दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 13 स्थित सार्वजनिक हनुमान (घोड़ा) मंदिर परिसर में तीन दिवसीय संगीत मय श्रीराम कथा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी है। कथा वाचन कर रहे सुप्रसिद्ध कथावाचक कामता प्रसाद शरण ने अपने प्रभावशाली प्रवचनों से नगरवासियों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। दोपहर 3:30 से 6:30 बजे तक चल रही कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर धर्म, ज्ञान और जीवन मूल्यों का संदेश ग्रहण कर रहे हैं।

कथा के दूसरे दिन भस्मासुर प्रसंग, मोहिनी अवतार, हनुमान जन्म और अहिल्या उद्धार की कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। भस्मासुर कथा के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बिना विचार किए दिया गया वरदान भी विनाश का कारण बन सकता है, वहीं भगवान विष्णु के मोहिनी रूप ने बुद्धि और विवेक की महत्ता को उजागर किया।

प्रवचन के दौरान मित्रता पर विशेष जोर देते हुए कृष्ण-सुदामा की निष्कलंक मित्रता को आदर्श बताया गया। सच्चे मित्र वही होते हैं जो बिना स्वार्थ के एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहें। इसके विपरीत बंदर और मगरमच्छ की कथा के जरिए स्वार्थ और लालच से भरे संबंधों से दूर रहने की सीख दी गई। कथा में प्रेरणादायक उदाहरण के रूप में पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन संघर्ष का उल्लेख किया गया, जिसमें कठिन परिस्थितियों के बावजूद दृढ़ संकल्प, ज्ञान और आध्यात्मिकता के बल पर सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि ईश्वर की शरण में जाने से व्यक्ति को न केवल मनोकामनाओं की पूर्ति होती है, बल्कि उसे अप्रत्याशित सम्मान और प्रतिष्ठा भी प्राप्त होती है।

कार्यक्रम में सामाजिक सरोकार भी देखने को मिला, जहां मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। दानदाताओं द्वारा उदारतापूर्वक योगदान देते हुए मंदिर निर्माण कार्य को गति देने का संकल्प लिया गया, जिससे क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा मिल रही है। इस आयोजन ने दल्लीराजहरा में भक्ति, नैतिकता और समाजसेवा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया, जो नगरवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता जा रहा है।

## इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक एआई वीडियो को लेकर शिकायत, कार्रवाई की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अण्डा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर प्रसारित हो रहे कथित आपत्तिजनक और एआई जनरेटेड वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में थाना अंडा, जिला दुर्ग में आवेदन देकर संबंधित इंस्टाग्राम आईडी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

आवेदन के अनुसार, कांग्रेस पोल खोल नामक इंस्टाग्राम आईडी द्वारा एक आपत्तिजनक, भ्रामक और एआईजनरेटेड वीडियो पोस्ट किया गया, जिसे रैंडम छत्तीसगढ़ नामक आईडी के साथ साझा कर व्यापक रूप से प्रसारित किया जा रहा है। शिकायत में कहा गया है कि उक्त वीडियो में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्तियों के संबंध में अपमानजनक और भ्रामक सामग्री प्रस्तुत की गई है, जिससे उनकी छवि धूमिल हो रही है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इस प्रकार की सामग्री न केवल राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है, बल्कि समाज में भ्रम फैलाने और जनभावनाओं को भड़काने का प्रयास भी है। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता में आक्रोश की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि संबंधित इंस्टाग्राम आईडी संचालकों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए, दोषियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए तथा संबंधित वीडियो को हटाकर आईडी को स्थायी रूप से बंद किया जाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की फर्जी और आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने की भी मांग की गई है।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान प्रमुख रूप से देवेंद्र देशमुख (ब्लॉक अध्यक्ष), टिकेश्वरी देशमुख (उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग), नंद कुमार सेन (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष), राकेश हिरवानी (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत), डॉ. जीतेन्द्र साहू (सेक्टर प्रभारी), दिग्विजय सिन्हा (सरपंच), बैकुंठ महानंद (सेक्टर प्रभारी), प्रवीण चंद्राकर, नवनीत चंद्राकर, प्रशांत पाण्डेय, भूपेश यादव (बूथ अध्यक्ष), बुधार पाल, संतोष पाल, संदीप चंद्राकर, तेज राम चौहान, डॉ. जे.डी. चेलक, खोमराज साहू, जायभूषण साहू, जीतेन्द्र यादव, आत्मा पटेल, रमेश साहू, चुरामन साहू, कौशल प्रसाद महलांग, चंद्र शेखर साहू, राजू निर्मारकर, भूपेश हरमुख सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 3 मई को नीट की परीक्षा, केंद्रों में मोबाइल, गैजेट्स प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आगामी 3 मई को होने वाली नीट (एनईईटी) परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला समन्वयकों और केंद्र अधीक्षकों की बैठक ली।

- कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बैठक लेकर की समीक्षा

बैठक के दौरान कलेक्टर ने परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्र के भीतर किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधियों को रोकने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं और अभ्यर्थियों की गहन जांच सुनिश्चित की जाए। अभ्यर्थियों को किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए रिपोर्टिंग समय से कम से कम 2 घंटे पहले केंद्र पर पहुंचने की सलाह दी गई है। बैठक में परीक्षा केंद्र के भीतर वर्जित वस्तुओं की विस्तृत सूची साझा करते हुए अवगत कराया गया कि किसी भी परिस्थिति में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन, पेजर, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर और पेन ड्राइव ले जाना सख्त मना है। इसके अतिरिक्त, स्टेशनरी मदों में ज्यामिति या पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, लिखने के पैड, स्केल, इरेज़र और किसी भी प्रकार की लिखित सामग्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। व्यक्तिगत सामान जैसे वॉलेट, हैंडबैग, बेल्ट, टोपी, बड़े चश्मे और किसी भी प्रकार के आभूषण या धातु की वस्तुएं पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों को यह भी सूचित किया गया है कि वे अपने साथ पेन न लाएं, परीक्षा केंद्र पर पारदर्शी पेन उपलब्ध कराए जाएंगे। खाद्य पदार्थ और पानी की बोतलें (पारदर्शी बोतल को छोड़कर) भी प्रतिबंधित हैं। कलेक्टर ने कहा कि यदि कोई अभ्यर्थी इन प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ पाया जाए, तो उसे अनफेयर मीन्स (अनुचित साधन) का दोषी मानते हुए उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पश्चिम बंगाल से लौटे मंत्री गजेन्द्र आज दुर्ग में करेंगे लोगों से जनसंवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार से केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव लौट आए हैं। वे आज सोमवार को दुर्ग के गंजपारा स्थित कार्यालय में दोपहर 12 बजे से जनदर्शन के लिए बैठेंगे, जहां वे कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे और निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश देंगे।

- नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे व निराकरण के देंगे निर्देश

मंत्री कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते 15 दिनों से शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव पार्टी के निर्देशानुसार पश्चिम बंगाल के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में सक्रिय रहे। इस दौरान उन्होंने चुनावी जनसंपर्क, रोड शो एवं केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी की सभाओं को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने मतदाताओं से सघन संपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान का आह्वान किया तथा बंगाल में भयमुक्त एवं सुशासन की सरकार बनाने के संकल्प को मजबूत किये। साथ ही, स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं ऊर्जा का संचार किये। बंगाल प्रवास से लौटने पर आज दुर्ग के भाजपा कार्यकर्ताओं ने रायपुर विमानतल पर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा मोर्चा एवं मंडल स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पूरे उत्साह और जोश के साथ मंत्री गजेन्द्र यादव का स्वागत कर उनके नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त किये।

## 30 अप्रैल तक टैक्स जमा कराने का मौका

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा संपत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। निगम प्रशासन ने कहा है कि निर्धारित तिथि के भीतर कर जमा नहीं करने वाले करदाताओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में करदाताओं के पास पेनाल्टी से बचने के लिए केवल 3 दिन का समय शेष है।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 1 मई के बाद पूर्व वर्षों का संपत्तिकर जमा करने पर 17 प्रतिशत तक सरचार्ज अनिवार्य रूप से वसूला जाएगा। इसके साथ ही लंबे समय से बकाया रखने वाले करदाताओं के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई, कुर्की एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी। करदाताओं की सुविधा एवं अधिकतम वसूली सुनिश्चित करने के लिए निगम के सभी टैक्स काउंटर शनिवार एवं रविवार को भी खुले रहेंगे। साथ ही बकायादारों से कर वसूली के लिए घर-घर अभियान तेज कर दिया गया है।

## पंजाबी गीत, भांगड़ा, गिद्दा कर मनाया बैसाखी उत्सव, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**भिलाई।** पंजाबी कल्चरल एंड वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ और पंजाबी भाईचारा समिति के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम बैसाखी उत्सव गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 6 भिलाई में आयोजित किया गया। जिसमें काफी संख्या में समाज के सदस्यों ने शिरकत की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण, पंजाबी कल्चरल एंड वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष सी एस बाजवा ने दिया। इस अवसर पर पंजाबी गीत, भांगड़ा, गिद्दा सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती महिलाओं, युवाओं और बच्चों द्वारा दी गई। इस अवसर पर बी.एल. नेब अध्यक्ष पंजाबी भाईचारा, इंद्रजीत सिंह (छोटू) अध्यक्ष सिख यूथ सेवा समिति, जसवीर सिंह चहल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सिख पंचायत, त्रिलोक सिंह ढिल्लों चेयरमेन खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग, गुरुदेव सिंह अध्यक्ष गुरु सिंघ सभा सेक्टर 6, पी.एस. बिंद्रा सचिव रोटरी क्लब स्टील सिटी, हरजीत सिंह धंजल एडवोकेट, गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह सुपेला भिलाई के अध्यक्ष पलविंदर सिंह रंधावा, कैम्प गुरुद्वारा के अध्यक्ष बलदेव सिंह, कोहका गुरुद्वारा के अध्यक्ष और हाउसिंग बोर्ड जामुल क अध्यक्ष जसबीर सिंह को सम्मानित किया गया।

## रिसाली में समस्याओं की भरमार, भाजपा मुखरता से उठाएगी मुद्दे

**भिलाई।** बीजेपी मरोदा-पुरैना मंडल की बैठक में स्थानीय मुद्दों को मुखरता से उठाने का निर्णय लिया गया। संगठन की मजबूती और लाभार्थियों से निरंतर संपर्क में रहने मंडल प्रभारी दिनेश देवांगन ने अपील की। मंडल पदाधिकारियों व शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक वृंदावन नगर डुण्डेरा स्थित गोविंद होटल में हुई। बैठक में मंडल अंतर्गत सभी रिसाली निगम के अंतर्गत वार्डों में स्थानीय मुद्दों को लेकर सक्रिय एवं मुखर रहने के साथ ही केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की विष्णु देव साय सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से निरंतर संपर्क बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस दौरान मंडल पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रभारियों एवं पार्षदों तथ्य कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। दिनेश देवांगन ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राज्य में विष्णु देव साय के नेतृत्व में गरीब, महिला एवं किसानों के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से पार्टी की विचारधारा को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। उन्होंने आगामी स्थानीय चुनावों को ध्यान में रखते हुए अभी से रणनीति बनाकर कार्य करने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। मंडल में अध्यक्ष राजू जंघेल, महामंत्री नरेंद्र निर्मलकर, विधायक प्रतिनिधि गोविंद साहू, दीपक सिन्हा, पुनाराम कलिहारी, एम. लक्ष्मण राव, पार्षद खिलेंद्र कुमार चन्द्राकर सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।



## उपचुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले में होने वाले नगरपालिका उप-निर्वाचन 2026 के लिए रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है। यह नियुक्तियां भिलाई और रिसाली नगर पालिक निगम के रिक्त वार्डों में चुनाव कराने हेतु की गई हैं। वार्ड 1 जुनवानी के लिए दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल को रिटर्निंग और उपायुक्त मोहेन्द्र साहू को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर वहीं नपानि रिसाली वार्ड 2 एवं 39 के लिए भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय को रिटर्निंग और उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है।

## निजी स्कूलों पर कार्रवाई नहीं हुई तो डीईओ कार्यालय का घेराव

**दुर्ग।** प्रदेश में निजी स्कूलों की मनमानी और अनियमितताओं के खिलाफ स्कूल शिक्षा विभाग गंभीर नजर आ रहा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ बजरंग दल द्वारा शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के नाम दुर्ग कलेक्टर को सौंपे गए मांगपत्र को स्कूल शिक्षा विभाग ने संज्ञान में लेते हुए कई मांगों पर अपनी सहमति जताई है और प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 5 सदस्यीय जांच टीम का गठन भी कर दिया गया है। इस जांच टीम को छत्तीसगढ़ बजरंग दल द्वारा विद्यार्थी और पालक हितैषी 12 बिंदुओ पर मांगपत्र सौंपा गया है। श्री यादव ने कहा है कि यदि डीईओ निजी स्कूलों के खिलाफ कार्यवाही में कोताही बरतेंगे, तो छत्तीसगढ़ बजरंग दल डीईओ कार्यालय का घेराव करने से पीछे नही हटेगा।



### ये हैं बजरंग दल की मांग

मांगपत्र में अत्यधिक गर्मी के दौरान स्कूल संचालन, फीस वसूली, ड्रेस और किताबों में बदलाव, प्रोजेक्ट के नाम पर आर्थिक दबाव, वार्षिकोत्सव शुल्क, शिक्षकों को कम वेतन देने, स्कूल में प्रवेश के दौरान प्रतिवर्ष डेवलपमेंट फीस वसूली पर विरोध जताया गया है। यह बातें छत्तीसगढ़ बजरंग दल के प्रदेश संयोजक रतन यादव ने शनिवार को दुर्ग में मीडिया से चर्चा में कही। इस दौरान छत्तीसगढ़ बजरंग दल प्रदेश अध्यक्ष गौतम जैन, प्रदेश मंत्री विकास ठाकुर, प्रदेश महाविद्यालय प्रमुख रोहित सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन राजपूत, प्रदेश सह मंत्री बबलू सिंह, विभाग संयोजक कुशल तिवारी, विभाग सहसंयोजक लक्ष्मण यादव, विभाग गौ रक्षा प्रमुख कुलेश्वर यादव, जिला अध्यक्ष रवि भारती, जिला मंत्री देवाशीष घोष, जिला संयोजक अश्मित साहनी, जिला अध्यक्ष भिलाई विनोद सिंह, नगर मंत्री सर्वजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रिंस राजपूत, नगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

## शहर का कचरा उरला में हो रहा डंप, लोग परेशान शिकायत का असर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



शहर के उरला क्षेत्र में नगर निगम की लापरवाही अब लोगों के लिए अभिशाप बनती जा रही है। लगातार पूरे शहर का कचरा डंप किए जाने से पूरा इलाका गंदगी और बदबू की चपेट में है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि यहां रहना तक मुश्किल होता जा रहा है और बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। करीब 10 हजार की घनी आबादी वाले इस क्षेत्र के नागरिकों की शिकायत पर पूर्व विधायक अरुण वोरा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। लोगों ने उन्हें बताया कि बार-बार शिकायत के बावजूद निगम प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।वोरा ने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण हर नागरिक का अधिकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उद्देश्य केवल समस्या उठाना नहीं, बल्कि उसका स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है।वोरा ने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही उचित कचरा प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित करेगा, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। इस संबंध में पार्षद सरस नीलमरकर ने भी प्रशासन से आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया है।

## खबर संक्षेप

### ब्लॉक 5 कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

**भिलाई।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के अनुमोदन और विधायक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन में ब्लॉक 5 की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। ब्लॉक अध्यक्ष दानेश्वरी साहू ने पदाधिकारी और सभी सदस्यों की सूची जारी की। घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष 5, महामंत्री 6, संयुक्त मंत्री 9, कोषाध्यक्ष 1, प्रवक्ता 1, सोशल मीडिया प्रभारी 1, सचिव 15, कार्यकारिणी सदस्य 10 शामिल हैं। सूची में उपाध्यक्ष के रूप में राजश्री उपलपवार, अरुण अग्रवाल, एम एब्लू, मोहम्मद सैफ अहमद, चिराग खंडेलवाल, महामंत्री पद के लिए प्रदीप कुमार साइमन, केसय्या कोंट्रा, संजीव सेमुवल, सी अनिल, हितेश पथरी मोहम्मद फैजल खान आदि शामिल हैं। जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने नवनियुक्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ब्लॉक 5 कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे ।

### नो-पार्किंग के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने 87 का चालान काटा

**भिलाई।** सड़क के नोट पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा करने वाले चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 87 चालको को ई चालान की कार्रवाई की गई। अभियान के तहत राजेन्द्र प्रसाद चौक से ग्रीन चौक एवं इंदिरा मार्केट क्षेत्र, मालवीय नगर चौक से आयुक्त कार्यालय के सामने तक, कुम्हारी से गुरुद्वारा चौक मार्ग तथा ब्रिज के नीचे अवैध रूप से खड़े वाहनों पर विशेष निगरानी रखकर चालानी की गई। वर्ष 2026 में अब तक कुल 2171 वाहनों पर नो-पार्किंग उल्लंघन के प्रकरणों में कार्रवाई हो चुकी है।

### लोगों ने विधायक देवेंद्र को बताई वार्ड की समस्याएं



**भिलाई।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर-5 स्थित कार्यालय में लोगों से भेंट-मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान खुर्सीपार, छावनी, नंदिनी रोड, हुडको, सेक्टर-7 और 8 के रहवासियों ने अपनी विभिन्न मांगों और समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान आत्मानंद स्कूल में अधिक से अधिक बच्चों के प्रवेश के लिए सेक्शन बढ़ाने की मांग की गई। प्रतिष्ठित निजी स्कूलों में टाउनशिप के स्टाफ क्वार्टर में रहने वाले परिवार के बच्चों को आरटीई के तहत प्रवेश के लिए अपात्र बताये जाने,पेयजल संकट और अन्य स्थानीय समस्याओं के संबंध में विधायक को अवगत कराया। विधायक यादव ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता है। वाटर एटीएम को लेकर उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करेंगे। वहीं हुडको ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष दानेश्वरी साहू और उनकी कार्यकारिणी सदस्यों ने मुलाकात कर कमेटी की आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी।

# दल्लीराजहरा बस स्टैंड: ठसाठस भरी बसें, जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शादी-विवाह के सीजन ने दल्लीराजहरा के बस स्टैंड और आसपास के इलाकों की तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। यात्रियों की भीड़ इतनी बढ़ चुकी है कि बसों में पैर रखने तक की जगह नहीं बची है। हालत यह है कि बसों में क्षमता से कई गुना अधिक यात्रियों को ठूंस-ठूंस कर भरा जा रहा है। लोग दरवाजों पर लटककर और खिड़कियों से झांकते हुए सफर करने को मजबूर हैं, जिससे किसी भी वक्त बड़ा हादसा होने का खतरा बना हुआ है। बस स्टैंड परिसर में अव्यवस्था चरम पर है। सड़कों पर बेतरतीब खड़ी बसें, इधर-उधर फैला कचरा और भीड़ के बीच से गुजरते वाहन यह सब मिलकर हालात को और भी खतरनाक बना रहे हैं। यात्रियों के लिए न तो पर्याप्त व्यवस्था है और न ही किसी प्रकार की निगरानी दिखाई दे रही है। प्रशासन की निष्क्रियता पर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। यात्रियों का कहना है कि बस संचालक खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। क्षमता से अधिक सवारी भरना आम बात हो गई है, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। कई यात्रियों ने बताया कि मजबूरी में उन्हें खतरनाक स्थिति में सफर करना पड़ रहा है। अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह अव्यवस्था किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर स्थिति को कितनी तेजी और मजबूती से संभालता है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की प्रतिक्रिया:स्थानीय लोगों उपेन्द्र कुमार साहू,, प्रकाश कुमार, रोहित शर्मा, आकाश का कहना है कि हर साल शादी सीजन में यही हालात बनते हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकाला जाता। प्रशासन को अस्थायी इंतजामों के बजाय दीर्घकालिक योजना बनानी चाहिए। बस स्टैंड का विस्तार, अतिरिक्त बसों की व्यवस्था और सख्त निगरानी ही इस समस्या का समाधान हो सकता है।

## सड़कों पर बेतरतीब खरीदी बासों से खतरा बढ़ा

### नियम तोड़ने वाले संचालकों पर कार्रवाई

जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे कहते हैं कि परिवहन विभाग ने स्थिति को गंभीरता से लिया है कि ओवरलोडिंग बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जल्द ही विशेष अभियान चलाकर बसों की जांच की जाएगी और नियम तोड़ने वाले संचालकों पर सख्त कार्रवाई होगी। यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं चलेगी।

- **प्रकाश रावटे,** जिला परिवहन अधिकारी



### ओवरलोडिंग पर होगी सख्ती

पुलिस प्रशासन ने भीड़ और यातायात व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। अतिरिक्त बल तैनात करने और बस स्टैंड क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने की बात कही गई है। ओवरलोडिंग और अव्यवस्थित पार्किंग पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी ताकि दुर्घटनाओं की आशंका को रोका जा सके।

- **विकास पाटले**
**नगर पुलिस अधीक्षक**

## अनदेखी : कार्रवाई लगातार जारी पर लोगों की मानसिकता नहीं बदल रहीं

# मालवाहकों पर सवारी ढोने का खतरनाक खेल जारी, प्रशासन की सख्ती पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ त्योहार और आयोजनों में बढ़ती लापरवाही



शहर और आसपास के इलाकों में मालवाहक वाहनों जैसे पिकअप, ट्रैक्टर और ट्रक में खुलेआम सवारियां ढोने का सिलसिला लगातार जारी है। सड़कों पर दौड़ती ऐसी गाड़ियां न सिर्फ कानून का उल्लंघन कर रही हैं, बल्कि यात्रियों की जान को भी गंभीर खतरे में डाल रही हैं। हाल ही में सामने आई तस्वीरों में एक पिकअप वाहन में क्षमता से अधिक लोगों को बैठाकर ले जाते देखा गया, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार, मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाना पूरी तरह अवैध है। इन वाहनों का उपयोग केवल सामान ढोने के लिए किया जा सकता है। नियमों के तहत केवल चालक, हेल्पर या माल का मालिक ही यात्रा कर सकता है, वह भी माल की सुरक्षा के उद्देश्य से। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी करते हुए लोगों की जान जोखिम में डाली जा रही है।

### बीमा और सुरक्षा दोनों पर खतरा

विशेषज्ञों के अनुसार, यदि ऐसे किसी वाहन में दुर्घटना होती है, तो उसमें बैठे यात्रियों को बीमा का लाभ नहीं मिलता। यानी हादसे की स्थिति में घायल या मृतकों के परिवार को किसी भी प्रकार का मुआवजा नहीं मिल पाता। यह स्थिति न केवल आर्थिक रूप से बल्कि सामाजिक रूप से भी बेहद गंभीर है। शादी-ब्याह, मेलों और ग्रामीण आयोजनों के दौरान ऐसे मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखी जाती है। लोग सुविधा और खर्च बचाने के नाम पर अपनी और दूसरों की जान खतरे में डाल देते हैं। प्रशासन द्वारा समय-समय पर चेतावनी और कार्रवाई के बावजूद यह प्रवृत्ति थमने का नाम नहीं ले रही। श्री रावटे ने यह भी कहा कि आम नागरिकों को स्वयं जागरूक होना होगा। "सिर्फ प्रशासन की कार्रवाई से समस्या हल नहीं होगी, जब तक लोग खुद अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं देंगे। एक छोटी सी लापरवाही पूरे परिवार को संकट में डाल सकती है," उन्होंने जोड़ा।

### स्थानीय नागरिकों की चिंता

दल्लीराजहरा शहर के जागरूक नागरिकों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। कई बार शिकायत के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। लोगों ने प्रशासन से नियमित जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि इस खतरनाक प्रवृत्ति पर लगाम लगाई जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि इस समस्या का समाधान केवल जुर्माना या कार्रवाई नहीं, बल्कि व्यापक जनजागरूकता अभियान से ही संभव है। स्कूलों, गांवों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को इसके खतरों के बारे में समझाना जरूरी है। दल्लीराजहरा में सामने आ रही ये तस्वीरें एक चेतावनी हैं अगर अब भी सतर्क नहीं हुए, तो कोई बड़ा हादसा होने में देर नहीं लगेगी। प्रशासन, पुलिस और आम जनता तीनों की जिम्मेदारी है कि इस लापरवाही पर तुरंत रोक लगाई जाए, ताकि सड़कें सुरक्षित बन सकें।

### नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई होगी

पुलिस विभाग की प्रतिक्रिया स्थानीय नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले का कहना है कि सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरती जा रही है, लेकिन लोगों की मानसिकता बदलना सबसे बड़ी चुनौती है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसे वाहनों में यात्रा करने से बचें और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें।

**विकास पाटले,**
**नगर पुलिस अधीक्षक**

### मालवाहक में सवारी बैठाना गैरकानूनी कार्रवाई की जाएगी

जिला परिवहन विभाग के अधिकारी प्रकाश रावटे ने कहा कि मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाना पूरी तरह गैरकानूनी है और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग लगातार ऐसे मामलों पर नजर रख रहा है और समय-समय पर चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भारी जुर्माना, वाहन जब्ती और ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन तक शामिल है।

- **प्रकाश रावटे,** जिला परिवहन विभाग अधिकारी

# एचपीवी टीकाकरण शुरू, देवरीबंगला में 9 बालिकाओं को लगाया टीका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ 14 वर्ष की बालिकाएं हैं पात्र, सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक टीकाकरण

बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरीबंगला में 9 बालिकाओं को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) का टीका लगाया गया। कार्यक्रम की मॉनिटरिंग बीएमओ डॉ. केराम, बीपीएम दिनेश कुमार खर्कवाल एवं मितानिन कार्यक्रम की ब्लॉक समन्वयक चंद्रप्रभा सुधाकर द्वारा की गई।

स्वास्थ्य विभाग की पहल के तहत यह टीकाकरण अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को निःशुल्क एच पी वी वैक्सीन प्रदान की जा रही है। टीकाकरण का समय प्रतिदिन प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरीबंगला एवं डौंडीलोहारा में निर्धारित किया गया है। चंद्रप्रभा सुधाकर ने बताया की वैक्सीन उन बालिकाओं को दी जा रही है जिनका जन्म अप्रैल 2011 से अप्रैल 2012 के बीच हुआ है। जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, किंतु 15 वर्ष पूर्ण नहीं किया है। एच पी वी वैक्सीन केवल एक बार दी जाती है। वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण हेतु अभिभावक की सहमति आवश्यक है, साथ ही आधार कार्ड अथवा जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया अभिभावकों से अपनी बालिकाओं को इस महत्वपूर्ण टीकाकरण अभियान से जोड़कर उनके स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने में सहयोग करें। स्वास्थ्य मितानिन कार्यक्रम के कार्यकर्ता ललिता यादव, केशव शर्मा, सुशीला साहू, रोहित चुरेंद्र, परवीन बेगम, ऐश्वर्यामति तिवारी, व प्रीतम साहू द्वारा टीकाकरण अभियान में लगातार प्रेरित एवं सहयोग किया जा रहा है।

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# पेंशनरों को 6-7वें वेतनमान का एरियर भुगतान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर ने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के पेंशनरों के हित में महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए 6वें और 7वें वेतनमान की अंतर राशि (एरियर) का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि 6वें वेतनमान के तहत 1 जनवरी 2006 से 31 अगस्त 2008 (32 माह) तथा 7वें वेतनमान के तहत 1 जनवरी 2016 से 31 मार्च 2018 (27 माह) की बकाया राशि का भुगतान 120 दिनों के भीतर किया जाए। यह याचिका छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के प्रांतीय अध्यक्ष चेतन भारती द्वारा 12 अगस्त 2021 को युवा अधिवक्ता क्षितिज शर्मा के माध्यम से उच्च न्यायालय में दायर की गई थी। याचिका में दोनों राज्यों के पेंशनरों को उनके वैधानिक अधिकारों के अनुरूप वेतनमान का लाभ दिलाने की मांग की गई थी। प्रकरण पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने पेंशनरों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए राज्य सरकारों को निर्धारित समयसीमा में एरियर राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया है।

चेतन भारती ने निर्णय पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला लंबे समय से लंबित था और करीब पांच वर्षों के इंतजार के बाद पेंशनरों को न्याय मिला है। उन्होंने अधिवक्ता क्षितिज शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे पेंशनरों के हित में ऐतिहासिक निर्णय बताया। इस फैसले से प्रदेश के हजारों पेंशनरों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

## नागरिक अधिकार और सुरक्षा पर दी जानकारी, कम्युनिटी पुलिसिंग पर जोर

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा संचालित जन मित्र योजना अभियान के तहत थाना भिलाई नगर द्वारा हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई में एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में भिलाई नगर के सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने नागरिक अधिकारों की महत्ता, सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के उपायों और कानून व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिला सुरक्षा, बाल यौन शोषण, सुरक्षित यातायात और साइबर क्राइम जैसे विषयों पर कानूनी मदद और अपराध की रोकथाम के तरीकों को भी समझाया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से अपराध नियंत्रण और सामाजिक सुरक्षा को अधिक प्रभावी बनाने की बात कही गई। नगर पालिका निगम भिलाई के प्रभारी मेयर इन कौंसिल सीजू एंथोनी ने कहा कि जिस तरह सेना देश की सीमाओं की रक्षा करती है, उसी तरह पुलिस समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

# आत्म वैभव में ही निहित है सच्चा सुखः महासती प्रमिला श्रीजी मसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम संबलपुर स्थित जैन स्थानक भवन में शनिवार को आयोजित आध्यात्मिक प्रवचन में जैन आचार्य भगवान श्रीरामलाल जी मसा की सुशिष्या महासती प्रमिला श्रीजी मसा ने श्रद्धालुओं को धर्म और आत्मकल्याण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिसके पास आत्म वैभव और आत्म निधि है, वही वास्तविक रूप से सुखी है। सच्चा सुख बाहर नहीं, बल्कि हमारे भीतर ही विद्यमान है, आवश्यकता केवल उसे पहचानने और अनुभव करने की है।

महासती श्रीजी ने कहा कि जब मन शुभ भावों में रमण करता है, तब अद्भुत आनंद की अनुभूति होती है। यदि यह अवस्था स्थायी हो जाए, तो जीवन निरंतर आनंदमय बन सकता है। उन्होंने सम्यग दृष्टि के महत्व को बताते हुए कहा कि जब धर्म व्यक्ति के भीतर गहराई से उतर जाता है, तब वह हर समय शुभ भावों में स्थित रहता है। सम्यग दृष्टि के प्रमुख लक्षणों में से एक 'अनुकम्पा' है, अर्थात अन्य जीवों के दुःख को देखकर उनके प्रति दया, करुणा और आत्मीयता का भाव उत्पन्न होना। उन्होंने बताया कि जैसे हमें दुःख पसंद नहीं है, वैसे ही किसी भी जीव को दुःख स्वीकार्य नहीं होता। सभी जीव सुख से जीना चाहते हैं। इसलिए अन्य जीवों के दुःख को समझना और उसे दूर करने का प्रयास करना ही सच्ची अनुकम्पा है। महासती जी ने कहा कि संसार के प्रत्येक जीव में चेतना होती है, चाहे वह एक इंद्रिय हो या पंचेंद्रिय। विज्ञान भी इस तथ्य की पुष्टि करता है कि जल, पृथ्वी और वायु में भी सूक्ष्म जीव विद्यमान हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि प्लास्टिक के पौधे को खाद-पानी देने से वह नहीं बढ़ता, क्योंकि उसमें चेतना नहीं होती, जबकि वास्तविक पौधे में चेतना होने के कारण वह विकसित होता है। इसी प्रकार प्रत्येक जीव में जीवन और अनुभूति की क्षमता होती है, इसलिए बिना कारण किसी भी जीव की हिंसा नहीं करनी चाहिए।

महासती प्रमिला श्रीजी मसा ने वर्तमान समय में करुणा के अभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसी को दुःख देकर कभी भी सच्चा सुख प्राप्त नहीं किया जा सकता। जो व्यक्ति दूसरों के दुःख को दूर करने के लिए अपने सुख का त्याग करता है, वह देवतुल्य होता है, जबकि दूसरों के दुःख में प्रसन्न होने वाला व्यक्ति दानव के समान है।

उन्होंने अंत में कहा कि धर्मात्मा बनने से पहले सच्चा इंसान बनना आवश्यक है। जीवन में करुणा, दया और अनुकम्पा के भाव विकसित कर ही हम धर्म के मार्ग पर आगे बढ़ सकते हैं और आत्मकल्याण की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं।

# कृषि आदान विक्रेताओं की सांकेतिक हड़ताल, किसानों को हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर



कृषि आदान विक्रेता संघ द्वारा आज सोमवार को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल किया गया, ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन द्वारा आज घोषित राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत विकासखण्ड के कीटनाशक आदान विक्रेता संघ ने भी आंदोलन किया। एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल से किसानों को कृषि कार्य के लिए सामग्री के लिए भटकते देखा गया।

खाद, दवाई, बीज विक्रेता संघ द्वारा आज किए गए एक एक दिवसीय सांकेतिक आंदोलन में विकासखंड के विभिन्न गांव में स्थित खाद दवाई विक्रेताओं द्वारा अपना प्रतिष्ठान बंद रखा गया। संघ के पदाधिकारी ने कृषि विभाग में अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया, संघ की मांग है कि खाद पर टेगिंग बंद किया जाए, खुदरा गोदाम तक खाद पहुंचाने का भाड़ा कंपनियों द्वारा किया दिया जाए, डीलर मार्जिन बढ़ाया जाए, खाद दवाई का सैंपल फेल होने पर दुकानदार के स्थान पर संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्यवाही की जाए, बीज का साथी पोर्टल को केवल कंपनियों तक सीमित रखा जाए।

दुकानदारों का कहना है दुकानदार खाद, दवाई, बीज का निर्माण नहीं करते, संबंधित कंपनियों से सील पैक सामान लाकर सील पैक विक्रय करते हैं, ऐसी स्थिति में सैंपल फेल होता है तो संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए, दुकानदार तो मात्र एक विक्रेता है, खाद, दवाई, बीज लाने के पहले कंपनी का ओ फार्म लाकर कृशि विभाग मे जमा किया जाता है। उसके बाद सील पैक सामग्रियां लाकर बेचा जाता है।

### आयुक्त ने किया नवनिर्मित चार एसएलआरएम सेंटरों का निरीक्षण

**भिलाई।** भिलाई निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने जोन-4 खुर्सीपार अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित 4 नए एसएलआरएम सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयुक्त ने इन केंद्रों को अविलंब शुरू करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

## पेज 9 का शेष

### इसरो के यंग साइंटिस्ट ...

संगठन (इसरो) द्वारा आयोजित यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम में पूरे राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय तथा संपूर्ण बालोद जिला का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने हिमांशी के पिता अभय कुमार और माता सहिता साहू को भी सम्मानित कर उनकी सुपुत्री की महत्वपूर्ण उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

### विश्व रेडक्रॉस ...

और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी के विभिन्न कार्यक्रमों और भविष्य की योजना पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के राज्यप्रतिनिधि युवराज देशमुख और कोषाध्यक्ष संजय पटेल उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### युवक पर वृद्ध ने कुल्हाड़ी से वार कर उतारा मौत के घाट

**भिलाई।** जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।आरोपी मुरली मौके से फरार हो गया। मुरली और विक्रम का किसी न किसी बात को लेकर हर रोज विवाद हुआ करता था। इससे मुरली काफी परेशान था मौका मिलते ही मुरली ने विक्रम को रास्ते से हटा दिया। मृतक विक्रम प्राइवेट काम करता था। वहीं आरोपी भी मजदूरी करता था। जहां पर घटना हुआ है हमेसा विवाद होता आया है खुर्सीपार पुलिस भी सिर्फ खानापूर्ति की कार्रवाई करती आई है। घटना को अंजाम देने के बाद मुरली फरार हो गया था। सूचना पर खुर्सीपार पुलिस ने ने खोजबीन कर मुरली को पकड़ लिया। शव को पुलिस ने पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। खुर्सीपार थाना प्रभारी आनंद शुक्ला ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि एक दिन पहले रात में खुर्सीपार थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना भी सामने आई थी। इस मामले में भी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### दिनभर लू की चपेट में रही ट्विनसिटी

**भिलाई।** रविवार को ट्विनसिटी खूब तपा। दिनभर लू चली। शाम 6 बजे के बाद तक गर्म हवाएं नहीं थमी। ट्विनसिटी को पारा 43.9 डिग्री सेल्सियस चला गया। जो सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौजूदाहालात यह रही कि सुबह से ही तेज धूप का लोगों को सामना करना पड़ा। दोपहर आते-आते यह चरम सीमा पर पहुंच गया। जिसकी वजह से दिन में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। मार्केट भी सूना सा दिखाई दिया। शाम 7 बजे के बाद सड़कों और मार्केट में चहल-पहल बढ़ी। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों में तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने का अनुमान जताया है लेकिन बंगाल की खाड़ी से नम हवाएं भी आने लगी है। इसलिए छत्तीसगढ़ प्रदेश के कुछ हिस्से में अंधड़, हल्की बूंदाबांदी होने के भी आसार सिस्टम में बनने लगे हैं।

### भाजयुमो की विवादित जिला व मंडल की सूची रद्द

**भिलाई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) भिलाई जिला की जारी की गई जिला और मंडल पदाधिकारियों को सूची को रद्द कर दिया गया है। इस सूची को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा था। साथ ही साथ भाजपा पर आरोप लग रहे थे कि नई सूची में कई आपराधिक प्रवृत्ति के युवाओं को पद दिया या है। लगातार मीडिया में चल रही खबरों से धूमिल होती पार्टी की छवि को देखते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जारी भिलाई जिला और मंडल की सूची को रद्द करने का फैसला लिया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं दुर्ग सम्भाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने इसकी जानकारी मीडिया में जारी की है। उन्होंने बताया कि भिलाई जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंडल की हाल ही में जारी की गई सूची की घोषणा स्थगित कर दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन के संज्ञान में यह बात आई है कि जारी की गई सूची में कुछ गंभीर तकनीकी विसंगतियां रह गई थीं। पार्टी की रीति-नीति और सांगठनिक मापदण्डों की पारदर्शिता को अक्षुण रखने के उद्देश्य से वर्तमान सूची की घोषणा स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

मांग

**वैदिक रीति से हुआ गौ पूजन, अटल परिसर में जुटे गौ भक्त**

# गौ माता की रक्षा और सम्मान के लिए निकाली भव्य बाइक रैली व आवाज की बुलंद, सौंपा ज्ञापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गौ सम्मान दिवस पर गौ भक्तों ने तहसीलदार को सौंपा प्रार्थना पत्र तहसील कार्यालय बालोद में गौ भक्तों का हुजूम उमड़ा, महिलाओं ने भी थामा मोर्चा। गौ माता के नेतृत्व में गौ पूजन कर सौपा गया ज्ञापन।

ज्ञापन सौंपने के पुर्व गौ भक्तों ने बाइक रैली निकाल कर गौ माता की रक्षा और सम्मान के लिए आवाज बुलंद की। जिला मुख्यालय के जयस्तंभ चौक स्थित अटल परिसर में सुबह से ही उत्साह के साथ गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौ सम्मान दिवस मनाने गौ भक्त पहुंचे। सभी सनातनी समाज के प्रमुखों, स्वयं सेवी संगठनों, गौ भक्तों युवाओं, मातृ शक्ति संगठन, बच्चे ,बूढ़े ,बुद्धिजीवियों सहित कथावाचकों, संत जनों वक्ताओं ने उपस्थिति



प्रदान कर गौ माता के सेवा सम्मान सुरक्षा के लिए आवाज उठाई। यह अभियान का नेतृत्व स्वयं सुरभि माता संरक्षिका और नंदी महराज की अध्यक्षता में की जा रही है,युवाओं ने बाइक रैली निकाल कर शहर को गौ माता की जय, गौ माता का सम्मान मांग रहा है हिंदुस्तान, गौ हत्या बंद करो जैसे नारों के साथ गुंजायमान कर सभा स्थल पर वापसी की।

सभा स्थल पर मे गौ माता की वैदिक रीति से पूजन कर चुनरी ओढ़कर, पुष्पमाला पहनाकर, दाना खिलाकर पूजित की गई। फिर गौ माता को आगे करके उसके पीछे पीछे गौ भक्तों, गौ रक्षकों, गौ पलको, गौ सेवकों, गौ प्रेमियों, समाजसेवी सर्व समाज के संगठनों, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महावीर गौ शाला के संचालक गण, चिकित्सक गण, शिक्षाविदों, सनातन धर्मावलंबियों के साथ साथ रामायण मंडलियों, धार्मिक संस्थाओं, सनातनी संगठनों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम का प्रार्थनापत्र सौपा। जिसमें गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने, गौ हत्या बंद करने आवश्यक कानून बनाने सहित गौ माता को सेवा, सम्मान और संरक्षण संवर्धन हेतु सुरक्षा प्रदान करने का उल्लेख है। तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन। तहसीलदार ने भी अपने कार्यालय से बाहर आकर जनभावना का सम्मान करते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में ज्ञापन स्वीकार किया। साथ मे बालोद जिले में गौ भक्तों द्वारा चलाए गए प्रार्थी हस्ताक्षर अभियान में 11000 प्रार्थीयों का हस्ताक्षर की मूल प्रति भी संलग्न की गई। पूरे जिले में गुरूर, देवरी, लोहारा, दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही , डौंडी व अन्य स्थानों में भी गौ सेवकों ने प्रार्थना पत्र अपने अपने तहसील में तहसीलदार को सौंपा।

## गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग, श्रद्धालुओं ने निकाली भव्य रैली





**गुण्डरदेही।** गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र गौ भक्तों के साथ विभिन्न संगठन, समूह, मंडली एवं अनेक धर्म अनुयाई सम्मिलित होकर श्री कृष्ण गौशाला में कामधेनु यज्ञ, हवन, पूजन कर चंडी मंदिर होते हुए बस स्टैंड से धमतरी चौक से तहसील ऑफिस पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन चार सेट में राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम सौपा गया। उक्त रैली में अनेक प्रकार के झांकी राम, लखन, सीता के वेशभूषा में गौ माता की झांकी के साथ भजन कीर्तन करते हुए हर्षोल्लास एवं गौ माता की भक्ति दिखाई दिया। अनेक स्थान पर श्रद्धालुओं ने गौ माता के भक्तों को शरबत एवं केला वितरण किया। बड़ी संख्या में गो भक्त इस यात्र में सम्मिलित हुए।

## गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग, जैन श्री संघ ने सौंपा ज्ञापन



**बालोद।** भारतीय संस्कृति में गौमाता को माता का दर्जा प्राप्त है। गाय न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि, पर्यावरण और पोषण का आधार भी है। वर्तमान समय में गौ तस्करी, अवैध वध, सड़कों पर दुर्घटनाएं, एवं आवारा गायों की दुर्दशा अत्यंत चिंताजनक स्थिति में है इन्ही विषयो को लेकर पुरे भारत देश मे हर जगह गौभक्त संगठन सामाजिक संगठन गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने एवं सुरक्षा प्रदान करने कठोर कानून बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। जैन श्री संघ न भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नाम तहसीलदार बालोद को ज्ञापन सौपा।

■ गौ अपराधों को गैर-जमानती बनाने की मांग

जैन श्री संघ के अध्यक्ष ताराचंद सांखला ने बताया की हमने ज्ञापन मे गौहत्या, गौ तस्करी एवं गौवंश के साथ क्रूरता करने वालों के लिए गैर–जमानती अपराध घोषित कर न्यूनतम 10 वर्ष कारावास एवं भारी आर्थिक दंड का प्रावधान करने की मांग प्रमुखता से रखा गया है। राज्य गौ सेवा आयोग को न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकार देकर प्रत्येक जिले में गौ सुरक्षा टास्क फोर्स का गठन किया जाए। गौशालाओं का सुदृढ़ीकरण, प्रत्येक पंचायत स्तर पर आधुनिक गौशाला निर्माण, चारा–पानी की स्थायी व्यवस्था एवं पशु चिकित्सकों की नियुक्ति अनिवार्य की जाए। ज्ञापन मे यह भी मांग की गई है कि सड़कों पर सुरक्षा हेतु राजमार्गों एवं सड़कों पर घुमंतु गायों के लिए रेडियम कॉलर, गौ अभ्यारण्य एवं हादसा बीमा योजना लागू की जाए। गौ उत्पादों को बढ़ावा देने गौमूत्र, गोबर से बने उत्पादों एवं जैविक खेती को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए ताकि गौपालन आर्थिक रूप से लाभकारी बने। जैन श्री संघ ने कहा कि हमारा विश्वास है कि गौमाता की रक्षा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार है। आगामी विधानसभा सत्र में "छत्तीसगढ़ गौमाता पूर्ण सुरक्षा अधिनियम" पारित कराकर करोड़ों लोगों की आस्था एवं भावना का सम्मान किया जाय। ज्ञापन देने वालो मे प्रमुख रूप से डॉ प्रदीप जैन, हरीश सांखला, मुकेश श्रीश्रीमाल, मनोहर नाहटा, सुभाष ढेलडिया, विनोद श्रीश्रीमाल, लक्की लोढ़ा, महावीर बाफना, शुभम श्रीश्रीमाल, महावीर जैन, पुष्पेंद्र लोढ़ा, रजत श्रीश्रीमाल, तुषार लोढ़ा, युग गोलछा, मानव श्रीश्रीमाल, मोक्ष राखेचा व अन्य उपस्थित थे।

## गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग, नगर में निकाली विशाल रैली





**डौंडीलोहारा।** गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित कराने, उनके संरक्षण एवं संवर्धन की मांग को लेकर 27 अप्रैल दिन सोमवार को नगर में विशाल जनसमूह ने रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर हजारों की संख्या में गौ भक्त, कार्यकर्ता, महिलाएं एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

■ हजारों की संख्या में उमड़ा जनसमूह, महिलाओं की भी बड़ी भागीदारी

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः गायत्री मंदिर परिसर से हुई, जहां संत श्री राम बालक दास जी (कौशल्या धाम संचालक) के मार्गदर्शन में श्रद्धालु एकत्रित हुए। इसके पश्चात भजन-कीर्तन करते हुए गौ माता की जयकारे व गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करो की गगनभेदी नारों के साथ रैली निकाली गई। रैली नगर के प्रमुख मार्गों मस्जिद चौक, अटल चौक, विवेकानंद चौक होते हुए बाजार चौक से गुजरकर तहसील कार्यालय पहुंची।



रैली के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। नगर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संस्थाओं एवं नागरिकों द्वारा गौ भक्तों के लिए ठंडा पेय, शरबत, पानी एवं अन्य अल्पाहार की व्यवस्था की गई, जिससे वातावरण सेवा और भक्ति से ओतप्रोत रहा।

तहसील कार्यालय पहुंचकर गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत तैयार प्रार्थी हस्ताक्षर पत्रक को सम्मानपूर्वक लाल कपड़े में लपेटकर तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम प्रेषित किया गया है। इस आयोजन को सफल बनाने में गायत्री परिवार एवं सर्वोदय मंडल की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम में नगर के किसान, व्यापारी, विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता, महिलाएं ,छात्र-छात्राएं एवं सभी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि अभियान को सफल बनाने हेतु गठित 21 सदस्यीय टीम ने पूरे समर्पण के साथ कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप यह आयोजन भव्य और सफल रहा।

## राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से सम्मानित हुईं शिक्षिका ममता झा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और सामुदायिक सहभागिता के उत्कृष्ट कार्य के लिए बालोद जिले के डौंडी विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक शाला औराटोला की सहायक शिक्षिका ममता झा को "राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2025-26" से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़े नवाचारी शिक्षकों के सबसे बड़े स्वप्रेरित मंच "नवाचारी गतिविधियां समूह" द्वारा 25 अप्रैल को रायपुर स्थित स्वामी आत्मानंद प्रो. जे.एन. पांडे शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में राज्यभर के 160 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

ममता झा को यह सम्मान उनके विद्यालय में नवाचार आधारित शिक्षण एवं "सामुदायिक सहभागिता से शाला विकास" जैसे प्रभावी मॉडल के सफल क्रियान्वयन के लिए दिया गया। उन्होंने अपने प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया कि कैसे समुदाय के सहयोग से विद्यालय को निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है।



**पहले भी मिल चुके हैं कई सम्मान**

गौरतलब है कि प्राथमिक शाला औराटोला को पूर्व में "सुग्घर पढ़वइया" कार्यक्रम के तहत प्लेटिनम श्रेणी प्राप्त हो चुकी है। वहीं अप्रैल 2025 में ममता झा को "एफएलएन नवाजतन वॉरियर्स" के रूप में भी सम्मानित किया गया था। ममता झा की इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी. चतुर्वेदी, बीआरसीसी एस.एन. शर्मा, संकुल समन्वयक भागवत साहू, प्रधान पाठक सी.एल. दिल्लीवार सहित शिक्षकों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

### सामुदायिक सहयोग से बदली शाला की तस्वीर

ममता झा के प्रयासों से विद्यालय को समय-समय पर समुदाय से श्रमदान एवं भौतिक संसाधनों का सहयोग मिलता रहा है। वहीं विद्यालय परिवार भी समुदाय के लिए न्योता भोज, उपहार एवं पिकनिक जैसे कार्यक्रम आयोजित कर आपसी सहभागिता को मजबूत करता है।

### विशिष्ट अतिथियों ने किया सम्मानित

सम्मान समारोह में माध्यमिक शिक्षा मंडल के उपसंचालक डॉ. रघु, समग्र शिक्षा रायपुर के उपसंचालक ए.के. सारस्वत, जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर हिमांशु भारती, डीएमसी अरुण कुमार शर्मा एवं प्राचार्य सुचिता पांडे द्वारा मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रघु ने ममता झा के नवाचार की सराहना करते हुए अन्य शिक्षकों को भी इस मॉडल से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने नवाचारी शिक्षक समूह को "परिवर्तनकारी शिक्षक समूह" बताते हुए शिक्षा में आउटकम आधारित कार्य पर जोर दिया।

## विश्व कप शूटिंग में भारतीय जोड़ी का कमाल गोल्ड के साथ बनाया विश्व रिकॉर्ड

**भिलाई।** इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्र्स फेडरेशन द्वारा कायरो मिश्र में आयोजित विश्व कप 2026 में भारत के युवा निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में दिव्यांशु देवांगन और शाम्भवी क्षीरसागर की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम जूनियर स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया। इस मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने पूरे समय उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखा और चरणबद्ध तरीके से स्कोर बढ़ाते हुए 499.9 अंक हासिल किए। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने नया विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया, जो इस प्रतियोगिता की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस सफलता से देश, छत्तीसगढ़ और देवांगन समाज में खुशी की लहर है। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं समाज के वरिष्ठ घनश्याम कुमार देवांगन ने इसे भारत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया और खिलाड़ियों को बधाई दी।

## छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा में नई नियुक्ति कमलेश दास को प्रांतीय उपाध्यक्ष का दायित्व

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति करते हुए महासभा के राष्ट्रीय महासचिव लखन दास वैष्णव ने कमलेश दास वैष्णव को छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा। राष्ट्रीय महासचिव लखन दास ने जानकारी देते हुए बताया कि कमलेश दास वैष्णव का परिवार विगत 75 वर्षों से महासभा से जुड़कर निरंतर समाज सेवा में सक्रिय रहा है। उन्होंने भी 26 वर्षों तक समाजहित में कार्य किया है, जिसे देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष चरण दास वैष्णव, दुर्ग मंडल सचिव राजेश्वर वैष्णव, महामंडलेश्वर मुरली सरण वैष्णव बासूला, महिला अध्यक्ष लता रानी वैष्णव, ओमप्रकाश बैरागी, कृष्ण कुमार वैष्णव, जयप्रकाश, प्रदीप दास वैष्णव, तुलसीदास वैष्णव, दामोदर दास वैष्णव राजनांदगांव, व्यास नारायण, महेंद्र, राजेंद्र और मुकेश सहित प्रदेशभर के वैष्णव समाज के लोगों ने समाज हित में कार्य करने शुभकामनाएं दी है।

सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
हर्निया क्या होता है
इसके लक्षण, कारण, प्रकार एवं इलाज हेतु संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा हॉस्पिटल
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांसप्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
07 मई, 11 मई, 25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411